बाल्ड ईगल

अमेरिकी बाल्ड ईगल (वर्ष 1782 से अमेरिका का राष्ट्रीय पक्षी) को **वर्ष 2007 में लुप्तप्राय प्रजातियों की सूची से हटा** दिया गया था। तब से इनकी आबादी लगातार बढ़ रही है जिसे **संरक्षण के इतिहास में सबसे बड़ी सफलता की कहानियों** में से एक माना जाता है।

- **यूएस फिश एंड वाइल्डलाइफ सर्विस** की वर्ष **2021** की एक रिपोर्ट से पता चला है कि वर्ष **2009** के बाद से वनों में बाल्ड ईगल की संख्या चार गुना हो गई है।

बाल्ड ईगल के संबंध में मुख्य बिंदु:

//

- **परिचय:**
    - बाल्ड ईगल का वैज्ञानिक नाम **हैलियाएटस ल्यूकोसेफालस (Haliaeetus leucocephalus)** है।
- **प्राकृतिक आवास:**
    - बाल्ड ईगल की **प्राकृतिक सीमा उत्तरी अमेरिका के अधिकांश भाग** को कवर करती है, जिसमें **अधिकांश कनाडा, संपूर्ण महाद्वीपीय अमेरिका तथा उत्तरी मैक्सिको** शामिल हैं।
    - यह उत्तरी अमेरिका में पाया जाने वाला एकमात्र समुद्री ईगल है।
- **विशेषताएँ:**
    - बाल्ड ईगल का **औसत जीवन काल 20 से 30 वर्ष** होता है।
    - बाल्ड ईगल **ऊँचे पेड़ों के शीर्ष पर अपना घोंसला बनाते** हैं ताकि अंडे सुरक्षित रहें।
    - मादा **बाल्ड ईगल नर की तुलना में थोड़ी बड़ी** होती है।
- **भोजन पद्धति:**
    - जीवित **मछलियों** के अतिरिक्त बाल्ड ईगल **अन्य पक्षियों**, **छोटे स्तनधारियों**, **साँपों, कछुओं के साथ केकड़ों का भी शिकार** करते हैं, साथ ही वे आसानी से सड़ा हुआ मांस (मृत जानवरों का सड़ा मांस) खाते हैं।
- **सुरक्षा की स्थिति:**
    - **IUCN स्थिति: कम चिंतनीय**

नोट: वर्ष1972 में अमेरिका द्वारा डाइक्लोरो-डिफेनिल-ट्राइक्लोरोइथेन (DDT) पर प्रतिबंध बाल्ड ईगल और अन्य वन्यजीव प्रजातियों को इस कीटनाशक के हानिकारक प्रभावों से बचाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम था।

- **DDT कृषि में उपयोग किया जाने वाला एक कीटनाशक है। अमेरिका से बाहर के कुछ देश अभी भी** मलेरिया **फैलाने वाले मच्छरों को नियंत्रित करने के लिये DDT का उपयोग करते हैं।**

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bald-eagle